जीएसए द्वारा आयोजित "गुवाहाटी प्रीमियर फुटबाल लीग"

के समापन समारोह में महामहिम राज्यपाल का अभिभाषण

दिनांक : 7 जनवरी 2024, रविवार	**समय : 6.30 PM**	**स्थान : जज फील्ड, गुवाहाटी**

- अखिल भारतीय फुटबाल महासंघ के अध्यक्ष
  श्री कल्याण चौबे जी,
- असम फुटबाल एसोसिएशन के अध्यक्ष
  श्री नबा दलोई जी,
- असम क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव श्री त्रिदिव कुंवर जी,
- गुवाहाटी स्पोर्ट्स एसोसिएशन (जीएसए) के अध्यक्ष
  श्री परेश चंद्र दास जी,
- महासचिव एवं एडवोकेट जनरल श्री देवजीत सैकिया जी,
- प्रोटेक्ट ग्रुप के प्रबंध निदेशक श्री मनोज जालान जी,
- जीएसए के उपस्थित के सदस्यगण,
- मेरे प्यारे खिलाड़ियों एवं खेलप्रमियों

आप सभी को मेरा नमस्कार!

"गुवाहाटी प्रीमियर फुटबाल लीग" के पुरस्कार समारोह में आप सभी को संबोधित करते हुए मुझे बहुत प्रसन्नता हो रही है। फुटबाल खेल को बढ़ावा देने के इस टूर्नामेंट का आयोजन करने के लिए मैं गुवाहाटी स्पोर्ट्स एसोसिएशन (जीएसए) को धन्यवाद देता हूं। साथ ही मुझे इस कार्यक्रम में आमंत्रित करने के लिए भी धन्यवाद देता हूं।

मित्रों,

हर व्यक्ति के जीवन में खेल का अमूल्य महत्व होता है। खेल धर्म-जाति, ऊंच-नीच से ऊपर उठकर टीम भावना पैदा करता है। यह नेतृत्व कौशल, लक्ष्य निर्धारण और जोखिम लेने के लिए आत्म विश्वास बढ़ाता है। खेल हमारे देश के समग्र विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है।

आधुनिक असम के "वास्तुकार" स्व. राधा गोविंद बरुवा इस बात को समझते थे। उन्होंने असम में खेल को बढ़ावा देने और इसके विकास के लिए महत्वपूर्ण कार्य किए। उनके नेतृत्व में जीएसए ने खेलों के विकास एवं खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए कई खेल गतिविधियां और प्रतियोगिताएं आयोजित की।

मुझे खुशी है कि जीएसए उनकी इस विरासत को आगे बढ़ा रहा है। जीएसए राज्य में खेलों विशेषकर फुटबाल और क्रिकेट के विकास और युवाओं की प्रतिभा को निखारने एवं पेशेवर खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए कार्य कर रहा है। इस प्रयास के क्रम में गुवाहाटी प्रीमियर फुटबाल लीग का आयोजन करने के लिए मैं जीएसए को धन्यवाद देता हूं।

मुझे खुशी है कि इस प्रतियोगिता का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया है। मैं इसके लिए आयोजकों, प्रायोजकों, इसमें भाग लेने वाले सभी टीमों के खिलाड़ियों को बधाई देता हूं। मुझे पूर्ण विश्वास है कि इस फुटबाल प्रतियोगिता के माध्यम से न सिर्फ खिलाड़ियों को अपने कौशल, अपनी प्रतिभा को आंकने का अवसर मिला है, बल्कि युवाओं को इस खेल के प्रति आकर्षित किया है। ऐसे आयोजनों से निश्चय ही राज्य में फुटबाल खेल को बढ़ावा मिलेगा।

मित्रों,

राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय खेलों में आज असम के खिलाड़ी अपना जलवा बिखेर रहे हैं। वे खेल के मैदान से उभरते हैं, निखरते हैं और देश का परचम दुनिया में लहरा रहे हैं। भारत सरकार ने देश में कई क्रांतिकारी योजनाओं को आकार दिया है, जिनकी बदौलत देश के दूरस्थ और ग्रामीण क्षेत्रों से खेल प्रतिभाएं सामने आईं और हमारे देश का मान बढ़ाया।

असम के कई खिलाड़ियों ने भी राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का डंका बजाया, इनमें फुटबालर अपूर्वा नार्जरी, अंजना सैकिया, क्रिकेट खिलाड़ी उमा छेत्री, मुक्केबाज लवलीना बोरगाहाईं, जमुना बोड़ो, धावक हिमा दास जैसे खिलाड़ी शामिल हैं।

मेरे प्यारे खिलाड़ियों,

आप सभी में जोश है, उमंग है, उत्साह है। आप में भी आसमान छूने की क्षमता है। आपके सपनों में आपके क्षेत्र, आपके राज्य और देश का भविष्य है। इसलिए मेरा आपसे अपील है कि आप संकल्प और समर्पण के साथ अपने लक्ष्य को हासिल करने के लिए कड़ी परिश्रम करें।

मैं यह विश्वास के साथ कह सकता हूं कि आपके सपनों को पंख देने के लिए सरकार, प्रशासन और गुवाहाटी स्पोर्ट्स एसोसिएशन जैसे खेल संगठन आपके साथ हैं।

अंत में फुटबाल लीग की विजेता टीम, दोनों टीमों के खिलाड़ियों को अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए बधाई देता हूं। मैं पुनः इस टूर्नामेंट के सफल आयोजन के लिए आयोजकों, प्रायोजकों और खिलाड़ियों को बधाई एवं उनके भविष्य के लिए शुभकामनाएं देता हूं।

धन्यवाद।

जय हिन्द।